हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(पंचम सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 14 फरवरी, 2019/25 माघ, 1940 (शक्)

[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - उद्योग मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 41

हैंडपम्प हेतु स्वीकृत धनराशि

*1388 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत दो वर्षों में 15 जनवरी, 2019 तक सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल बड़सर में कितने हैंडपम्प लगाने हेतु विधायक निधि से धनराशि स्वीकृत की गई है; और

(ख) इनमें से कितने हैंडपम्प लग चुके हैं, कितने लगने शेष हैं; शेष बचे हैंडपम्प किन कारणों से नहीं लग पाए हैं और इन्हें कब तक लगा दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

Vacant Posts of Science Teachers

*1389 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Education Minister** be pleased to state how many Schools in Theog Assembly Constituency have medical and non-medical streams and how many Schools are without lecturers/teachers in these Schools and since when; what steps have been taken by the Government to fillup the vacant posts?

Seasonal Fruit Plants

***1390 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state :-

(a) what was the requirement of seasonal fruit plants in Salooni Block;

(b) how many plants were made available at Salooni; variety-wise details be given; and

(c) what steps the Government will take to ensure timely distribution of plants?

Garbage Disposal Plant

***1391 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state what is the latest position of site selection for garbage disposal plant at Kullu and Bhunter?

Drug Rehabilitation Centres

***1392 Sh. Rajesh Thakur(Gagret) :**
Sh. Ashish Butail(Palampur) :

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) how many drug rehabilitation centres, Government or privately run or NGO run are there in the State;

(b) does the Government funds any NGOs/private parties to run such centres; details be given;

(c) how many people addicted to drugs can be accomodated for rehabilitation in each of the Governmnent run rehabilitation/de-addiction centres and how many employees are working in each rehabilitation centre; centrewise and postwise detail be given;

(d) what is the procedure laid down for admission to these rehabilitation/de-addiction centres; and

(e) during the last year upto 15th January, 2019 how many persons have been admitted in these centres and how many applications are pending; centre wise details be given?

मधुमक्खी पालन

***1393 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में कितने मधुमक्खी पालक हैं तथा मधुमक्खी पालन हेतु सरकार द्वारा कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; मधुमक्खी पालकों के लिए मार्केटिंग हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ख) सरकार इनको समर्थन मूल्य देने का विचार रखती है; और

(ग) ज़िला कांगड़ा में शहद प्रोसैसिंग की कितनी प्रयोगशालाएं हैं; ब्यौरा दें?

ओ0पी0डी0

***1394 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला मंडी में कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं; इनमें दिन की कितनी ओ0पी0डी0 है; गत वर्ष 15 जनवरी, 2019 तक का ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

स्वीकृत धनराशि

***1395 श्री हीरा लाल(करसोग) :**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) गत वर्ष 15 जनवरी, 2019 तक नगर पंचायत करसोग में किस-किस वार्ड हेतु कितनी धनराशि किस कार्य हेतु स्वीकृत की गई; व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा वार्डवार दें; और

(ख) इस नगर पंचायत में कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

Water Supply Scheme Moorang

*1396 **Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state :-

(a) when was the work of water supply scheme Moorang started;

(b) what is the latest position of construction (remodelling) of water supply scheme Moorang; and

(b) how much funds have been spent upto 15th January, 2019?

पेयजल व सिंचाई योजनाएं

*1397 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी) :**
श्री रमेश चंद ध्वाला(ज्वालामुखी) :

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) कितनी ऐसी पेयजल और सिंचाई योजनाएं हैं जो ठेकेदारों द्वारा आउटसोर्स पर संचालित की जा रही हैं; क्या सरकार इनके स्थान पर नियमित कर्मचारियों को नियुक्त करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा योजनावार दें?

वर्षा जल संग्रहण

*1398 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने Water Harvesting Structure कहां-कहां पर तैयार किए गए हैं तथा सिंचाई हेतु विभाग इनसे पानी उठाने का विचार रखता है?

पाठशालाओं में रिक्तियां

*1399 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में कितने पद रिक्त हैं; इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

MGMSC Khaneri

***1400 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state what is the total sanctioned posts of Doctors/Paramedical staff in MGMSC Khaneri and by when the vacant posts will be filled up?

Fine Art College Loharab

***1401 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position of construction of Fine Art College building at Loharab, Shimla Gramin; and

(b) during the last year upto 15th January, 2019, how much amount has been spent on its construction?

भूतपूर्व सैनिकों की रिक्तियां

***1402 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत वर्ष 15 जनवरी, 2019 तक प्रदेश के विभिन्न विभागों में भूतपूर्व सैनिकों के कितने पद रिक्त थे; ब्यौरा पदों के नाम का विभागशः दें; और

(ख) इनमें कितने पद स्थायी व कितने अस्थायी रूप में भरे गए; ब्यौरा पदों के नाम सहित दें?

हिमाचलियों को रोजगार

***1403 श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कितने निजी उद्योग हैं व इनमें 70% हिमाचलियों को रोजगार दिया जा रहा है; यदि नहीं, तो सरकार इनके विरुद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाएगी; और

(ख) यह सत्य है कि ऊना जिला के बसाल में INOX WIND द्वारा कार्यरत कामगारों को

बिना कोई सूचना या नोटिस दिए ठेकेदार द्वारा निकाल दिया गया; यदि हां, तो सरकार इसके विरुद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाएगी?

पदपूर्ति

*1404 **श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि घुमारवीं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नागरिक अस्पताल घुमारवीं एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भराड़ी में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद सृजित हैं, कितने रिक्त है और इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

सड़कों का रख-रखाव

*1405 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पांवटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों की स्थिति दयनीय है;

(ख) यदि हाँ, तो इनके रख-रखाव हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ग) गत वर्ष 15 जनवरी, 2019 तक इन सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिये उद्योग विभाग द्वारा कितनी धनराशि स्वीकृत की गई और कितनी व्यय की गई, ब्यौरा दें?

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नैनाटिक्कर/ नारग

*1406 **श्री सुरेश कुमार कश्यप(पच्छाद) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नैनाटिक्कर में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं; इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ख) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नारग में X-Ray Machine लगाई गई है; और

(ग) यदि हां, तो कब; क्या यह मशीन कार्य कर रही है; यदि नहीं, तो कारण?

डाक विभाग के साथ एम0ओ0यू0

***1407 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और डाक विभाग के बीच एम0ओ0यू0 साईन हुआ है; और

(ख) इस एम0ओ0यू0 के साईन होने के उपरान्त प्रदेश में अपंग व वृद्धों को समय पर पैंशन मिल रही है; यदि नहीं, तो कारण?

इंग्लिश स्पीकिंग के लिए स्किल ट्रेनिंग केन्द्र

***1408 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि युवाओं के लिए इंग्लिश स्पीकिंग के स्किल ट्रेनिंग केंन्द्र, खेल के मैदान और डी एडिकशन केन्द्र कहां-कहां खोले गए हैं; जिलावार ब्यौरा दें?

क्षतिग्रस्त पेयजल योजना

***1409 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि शिल्डु नाला से रूग-छुड़का-निहारी पेयजल योजना हेलीपैड के निर्माण से क्षतिग्रस्त हुई है; और

(ख) यदि हां, तो इस योजना की नई पाइप लाइन एवं टैंक के निर्माण हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

हैंडपंपों की फ्लशिंग

***1410 श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में 15 जनवरी, 2019 तक सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंडल देहरा में कितने हैंडपंपों की Flushing करवाई गई; इसके लिए कितनी धनराशि व्यय की गई और किस ठेकेदार को यह कार्य आवंटित किए गए; ब्यौरा दें?

कूहलों की मरम्मत

*1411 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत जोघो, पल्ली, दुत्तोवाल तथा खेड़ा कूहलों की मरम्मत करने के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; इन कूहलों को सरकार कब तक पक्का (सीमेंट कन्करीट) करने का विचार रखती है?

पौध वितरण

*1412 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत वर्ष 15 जनवरी, 2019 तक उद्यान विभाग द्वारा आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सेब के कितने पौधे बागवानों को वितरित किए गए; और

(ख) बागवानी सेवा केन्द्र व बागवान के नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

सांस्कृतिक कार्यक्रम

*1413 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि माननीय उच्च न्यायालय ने शैक्षणिक संस्थानों में गैर शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु रोक लगाई है; यदि हां, तो इसकी प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) यह सत्य है कि बड़सर महाविद्यालय में ए0बी0वी0पी0 द्वारा 9 मार्च, 2018 को और चकमोह कॉलेज में 19 दिसम्बर, 2018 जो सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए; यदि हां तो उसकी अनुमति किन कारणों से दी गई?

Filling Station Jarol-Tikkar

***1414 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state :-

(a) what are the reasons for the delay in the construction of filling station of Petrol and Diesel run by Himfed at Jarol-Tikkar; and

(b) what are the hindrances and by when the construction will be completed?

Mid Day Meal Workers

***1415 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how much honorarium or salary is paid to mid day meal workers in the State; and

(b) whether there is any proposal to increase the honorarium?

संगीत शिक्षक

***1416 श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार पाठशालाओं में संगीत शिक्षक नियुक्त करने का विचार रखती है?

डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा

***1417 श्री अरुण कुमार(नगरोटा) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टाण्डा में वर्तमान में कितने 108 रोगी, वेंटीलेटर व शव वाहन हैं; ब्यौरा दें;

(ख) इसमें वर्तमान में कितने वेंटीलेटर हैं, उनमें से कितनी मशीनें वर्किंग कंडीशन में हैं; और

(ग) वेंटिलेटर की संख्या बढ़ाने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

भूमि पंजीकरण

***1418 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला मंडी में कितनी प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च और वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं हैं जिनके नाम पर भूमि पंजीकृत नहीं है; नाम सहित ब्यौरा दें?

Installation of Biometrics Machines

***1419 Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state whether it is a fact that the Government has not installed Biometrics for attendence of teaching & non-teaching staff in Government Schools, Colleges and Universities; by when Biometrics will be installed?

पदपूर्ति

***1420 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत एक वर्ष में 15 जनवरी, 2019 तक प्रदेश में आयुर्वेदिक डॉक्टर व फार्मासिस्ट के कितने पद रिक्त हैं तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

उद्यान विभाग की आय

***1421 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत उद्यान विभाग की कितनी जमीन खाली है तथा इससे कितनी आय होती है; गत तीन वर्षों का 15 जनवरी, 2019 तक का ब्यौरा नाम सहित दें?

SC/ST Hostel

***1422 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state how many SC/ST hostels are functioning in the Pradesh; Constituencywise details be given ?

Election on National Party Symbol

***1423 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that Himachal Pradesh University teaching/non-teaching staff can contest elections on a national party's symbol; a copy of the rule be laid on the Table of the House; and

(b) how many leaves are admissible to HPU employees in a year; how much leave can be sanctioned in one go; a copy of the rule be laid on the Table of the House?

मल प्रवाह योजना

***1424 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकाघाट क्षेत्र में मल प्रवाह योजना का निर्माण किया जा रहा है; यदि हाँ, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

योग शिक्षकों की नियुक्ति

***1425 श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार पाठशालाओं में योग शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु योग शिक्षकों की नियुक्ति करने का विचार रखती है?

पेयजल योजना

***1426 श्री सुख राम (पांवटा साहिब) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य हैं कि पेयजल योजना मुगलावाला-करतारपुर अनुसूचित जाति विशेष घटक योजना के अन्तर्गत स्वीकृत है;

(ख) यदि हां तो इस योजना का कितना कार्य हुआ तथा कितना शेष है, तथा इसको कब तक पूर्ण कर दिया जायेगा; और

(ग) यह सत्य है कि पेयजल योजना रामनगर व दिगाली (आई0पी0एच0 विभाग पांवटा साहिब) अनुसूचित जाति विशेष घटक योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित है; यदि हां, तो इनका प्राक्कलन बन गया है, यदि नहीं, तो इनका प्राक्कलन कब तक बना दिया जाएगा?

डायस कंप्यूटर सेंटर संगड़ाह

***1427 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) डायस कंप्यूटर सेंटर संगड़ाह, शिलाई व हरिपुरधार कितने समय से कार्य कर रहा है;

(ख) गत तीन वर्षों में 15 जनवरी, 2019 तक कितने छात्रों का रजिस्ट्रेशन इस कंप्यूटर सेंटर में हुआ और कितनों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया; ब्यौरा केंद्र-वाइज, नाम व पते सहित दें; और

(ग) इस अवधि में इस सैंटर में अनियमितताओं का मामला प्रकाश में आया है; यदि हां, तो क्या कार्रवाई अमल में लाई गई?

योजनाओं की स्थिति

***1428 श्री होशयार सिंह(देहरा) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क)देहरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत उठाऊ सिंचाई योजना Kurli Dehra-I & II, Road Dibbar, Lower & Upper Sunnet, Naleti and Gathur कितनी लागत से बनकर तैयार हुई हैं और इनमें से कितनी योजनाएं चल रही है या बन्द पडी है; ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में 15 जनवरी, 2019 तक इन योजनाओं से कितनी भूमि सिंचित की गई ब्यौरा लाभार्थी किसानों के नाम सहित दें;

(ग) आई.पी.एच. मंडल, देहरा में कितने हैंडपंपों पर सबमर्सिबल पंप लगाए गए हैं और कितनी होर्स पॉवर के लगाए गए हैं तथा इन सभी सबमर्सिबल पंप के रेट की सूची सभा पटल पर रखें; और

(घ) जिन-जिन ठेकेदारों ने सबमर्सिबल पंप लगाए हैं; उनका ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांकः 29 जनवरी, 2019. **सचिव।**